पत्र संख्या:एडी0कमि0(पुलिस)/ मु0आ0 श्री बनवारी लाल त्रिपाठी // 2021-22 77 //वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर, उ0प्र0, लखनऊ

(पुलिस-कैम्प)

दिनॉक :: लखनऊ :: 11 मई, 2021

एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2(वि0 अनु0शा0) वाणिज्य कर ,

गोरखपुर जोन गोरखपुर ।

कृपया अपने कार्यालय के पत्र संख्या-30 दिनांक 23-04-2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा श्री कौशलेन्द्र तिवारी ग्राम पंडितपुर पोस्ट असढ़िया बाजार जिला प्रयागराज पिन 221508 मो0न.6386857155 के द्वारा दिनांक 17-03-2021 को आपको सम्बोंधित अपने पिता मु0 आ0 श्री बनवारी लाल त्रिपाठी पीएनओ. **882520232** की दिनांक 02-02-2021 से बीमारी की सूचना दिये जाने से सम्बंधित प्रार्थना पत्र की छायाप्रति इस कार्यालय में प्रेषित की गयी है।

समसन्दर्भ मे मु0 आ0 श्री बनवारी लाल त्रिपाठी पीएनओ. **882520232** दिनांक 02-02-2021 से बीमार थे , जबकि उनकी बीमारी की सूचना लगभग तीन माह बाद इस कार्यालय में प्रेषित की गयी है वो भी तब जब सम्बन्धित पुलिस कर्मी के पुत्र द्वारा आपको सूचना प्रेषित की गयी। नियमानुसार माह फरवरी 2021 में पुलिस कर्मी के तैनाती स्थान सचल दल इकाई कुशीनगर द्वारा पुलिस कर्मी के कार्यालय से अनुपस्थिति रहने से सम्बंधित सूचना आपको प्रेषित करायी जानी चाहिये थी। तत्पश्चात जोनल कार्यालय द्वारा उक्त सूचना इस कार्यालय को प्रेषित कराया जाना चाहिये था।

उपरोक्त से स्पष्ट है कि जोन / जनपदीय कार्यालयों द्वारा पुलिस कर्मियों पर समुचित नियत्रण नहीं रखा जा रहा है। पुलिस कर्मियों द्वारा अपनी सुविधानुसार जब मन चाहा चिकित्सा अवकाश/ उपार्जित अवकाश की सूचना कार्यालयों में प्रेषित कर दी जा रही है। सम्बन्धित कार्यालयों द्वारा उनके अनुपस्थिति के सम्बन्ध में उच्चाधिकारियों को अवगत भी नहीं कराया जा रहा है। तथा पुलिस कर्मियों के अनुपस्थित अवधि का वेतन भी आहरित करा दिया जा रहा है। यह स्थिति अत्यन्त ही आपत्तिजनक है।

अत: अनुरोध है कि मु0 आ0 श्री बनवारी लाल त्रिपाठी पीएनओ. **882520232** माह फरवरी से अब तक कितने माह का वेतन आहरित किया जा चुका है। उनके द्वारा सचल दल इकाई कुशीनगर में अपनी बीमारी की सूचना कब प्राप्त करायी गयी। यदि बीमारी की सूचना नहीं प्राप्त करायी गयी तो अनुपस्थिति के सम्बध में उनके विरुद्ध अब तक क्या कार्यवाही की गयी है।

उक्त के सम्बन्ध में आप अपने स्तर से जॉच कराते हुए जांच आख्या अपनी स्पष्ट संस्तुति सहित एक पक्ष के अन्दर इस कार्यालय को प्रेषित कराने का कष्ट करें।

(प्रकाश स्वरुप पाण्डेय)

आई0पी0एस0

एडीशनल कमिश्नर(पुलिस) वाणिज्य कर,

उत्तर प्रदेश ,लखनऊ

पृष्ठांकन पत्र संख्या: व दिनांक: उक्त।

प्रतिलिपि:-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1-वरिष्ठ स्टाफ अधिकरी-प्रथम वाणिज्य कर मुख्यालय को कमिश्नर, महोदया के अवलोकनार्थ।

2-समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2(वि0 अनु0शा0)वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।

3-ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर मुख्यालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु।

11/05/21

एडीशनल कमिश्नर (पुलिस) वाणिज्य कर,

उत्तर प्रदेश, लखनऊ।